**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 248**

**जिसका उत्तर बुधवार, 24 जुलाई, 2024 को दिया जाएगा**

**अंडे का निर्यात**

**248. श्री पी. पी. चौधरी:**
**श्री बृजमोहन अग्रवाल:**
**श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**
**श्री धर्मबीर सिंह:**
**श्रीमती अपराजिता सारंगी:**

**क्या उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत से अंडे के निर्यात में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो विगत दो दशकों में स्थिति किस तरह से बदली है और गत वित्त वर्ष के दौरान भारत में निर्यातकों को प्रदान किए गए प्रोत्साहनों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) भारत के अंडा निर्यात हेतु शीर्ष दस अंतरराष्ट्रीय बाजारों का ब्यौरा क्या है और इस सूची में शामिल होने वाला नवीनतम देश कौन-सा है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**
**(श्री बी. एल. वर्मा)**

(क) से (ग): हाल के वर्षों में भारत से अंडों के निर्यात के मूल्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एपीडा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 2023-24 के दौरान अंडों के निर्यात में पिछले वर्ष 2022-23 की तुलना में मूल्य के लिहाज से 39.96% और मात्रा के लिहाज से 92.46% की वृद्धि हुई है। निर्यात आंकड़ों के अनुसार, पिछले 2 दशकों के दौरान मूल्य के लिहाज से 7.99% और मात्रा के लिहाज से 6.15% की वृद्धि हुई है।

सरकार पोल्ट्री कम्पार्टमेंटलाइज़ेशन की अवधारणा को अपनाकर अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंजा से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाती है, जो एक महत्वपूर्ण टूल है जो पशु स्वास्थ्य को बढ़ाता है, बीमारी के प्रकोप के जोखिम को कम करता है और पोल्ट्री तथा पोल्ट्री संबंधित उत्पादों के व्यापार को सुविधाजनक बनाता है। सरकार ने पोल्ट्री कम्पार्टमेंट से संबंधित उच्च रोगजनकता वाले एवियन इन्फ्लूएंजा से मुक्ति का स्व-घोषणा पत्र विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूओएएच) को प्रस्तुत किया है, जो पोल्ट्री तथा पोल्ट्री उत्पादों के निर्यात को सुविधाजनक बनाने में भी सहायता करता है। पशु और डेयरी उत्पादों सहित कृषि उत्पादों के निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एपीडा के माध्यम से पंजीकृत निर्यातकों को निर्यात अवसंरचना के विकास, गुणवत्ता विकास और बाजार विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) के दौरान, एपीडा ने निर्यात अवसंरचना के विकास के तहत मेसर्स एगवे इंटरनेशनल एशिया लिमिटेड, तेलंगाना को 21.46 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की।

2023-24 में भारत के अंडों के निर्यात के लिए शीर्ष देश ओमान, मालदीव, कतर, यूएई, कुवैत, सोमालिया, कैमरून, इंडोनेशिया, जापान और रूस थे। सोमालिया और कैमरून 2023-24 में सूची में शामिल होने वाले नये देश हैं।

*******